# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 04 मई 2021

## कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये अमरीका के मेयो क्लीनिक और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच सहयोग होगा

- अमेरिका के प्रसिध्द मेयो क्लीनिक के डॉक्टर छत्तीसगढ़ सरकार के साथ सहयोग करके कोरोना संक्रमण से निपटने में सहायता करेंगे। कल शाम छत्तीसगढ़ के माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव की इस संबंध में मेयो क्लिीनिक की डॉ. प्रिया संपतकुमार से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेयो क्लिीनिक के डॉक्टरों द्वारा छत्तीसगढ़ के चिकित्सकों और पैरामेडिल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य के चिकित्सक, छत्तीसगढ़ के मरीजों के संबंध में मेयो क्लिीनिक के डाक्टरों के साथ चिकित्सकीय परामर्श भी कर सकेंगे। इस सहयोग से छत्तीसगढ़ के कोरोना मरीजों को बड़ा लाभ मिलेगा। बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. ओ. पी. सुंदरानी, चिकित्सक डॉ. योगेश जैन और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राज्य में अब वर्चुअल ओ.पी.डी. की सुविधा भी उपलब्ध :-

- वर्तमान में सामान्य मरीजों की सुविधा के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में वर्चुअल ओ.पी.डी. की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। यह सुविधा प्रतिदिन प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस दौरान मेडिसिन विभाग, पल्मोनरी मेडिसिन विभाग एवं मनोरोग विभाग के विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। भविष्य में मरीजों की संख्या बढ़ने पर अन्य विभागों के चिकित्सक भी उपलब्ध रहेंगे। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09

Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

**इमरर्जेंसी केयर टेक्निशियन (ECT) पाठ्यक्रम राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में होगा प्रारंभ।**

- कोविड महामारी के दौरान इमरर्जेंसी केयर की अत्यंत आवश्यकता होती है। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में इमरर्जेंसी केयर टेक्निशियन का 01 वर्षिय सर्टिफिकेट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें प्रवेश के लिए 12वीं परीक्षा फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। इस कोर्स में एक्सरे, पेथोलॉजी, पैरामेडिकल टेक्निशियन आदि के पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्रदेश के 06 शासकीय मेडिकल चिकित्सा महाविद्यालय - रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, रायगढ़, राजनांदगांव व अम्बिकापुर में यह पाठ्यक्रम शीघ्र ही संचालित किया जाएगा।

**रायपुर के तीन अस्पतालों के विरूद्ध हुई कार्यवाही**

**मरीजों की शिकायत के आधार पर निरीक्षण दल ने की जांच :-**

- राज्य शासन ने दिनांक 03.05.2021 को निर्देश जारी किए थे कि जो भी अस्पताल अपनी संस्था में उपलब्ध बेड की जानकारी यदि मरीजों को गलत देंगें तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में रायपुर जिले के अस्पतालों का विभिन्न दलों ने निरीक्षण किया और तीन अस्पतालों पर कार्यवाही की गई। बांठिया अस्पताल द्वारा मरीज से निर्धारित दर से अधिक राशि लिए जाने की शिकायत मिलने पर मरीज को शेष राशि लौटाई गई। अस्पताल ने मरीज से दो लाख 70 हजार लिए थे जबकि निर्धारित दर के अनुसार एक लाख 17 हजार की राशि लेनी थी। शेष राशि 1 लाख 53 हजार मरीज को तुरंत वापस किए गए।

- इसी प्रकार बालाजी अस्पताल और हेरिटेज अस्पताल द्वारा मरीज को आक्सीजन बेड उपलब्ध नही है ऐसा कहा गया जबकि बेड एवलेबिलिटी पोर्टल में क्रमशः 23 और 25 आक्सीजन बेड इनमें उपलब्ध थे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर द्वारा अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। निरीक्षण दल निरंतर इसी प्रकार निरीक्षण करते रहेंगे ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

# कोविड-19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 15785 |
| | | कुल | 787486 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 443 |
| | | कुल* | 128677 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 10865 |
| | | कुल* | 524865 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 11308 |
| | | कुल | 653542 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 124459 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 210 | कोविड-19 | 118 |
| | | को-मॉर्बिडिटी के साथ | 92 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 57,034**


← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →


## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 04-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE | | HOME ISOLATION | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 899 | 89304 | 23 | 11921 | 51 | 70964 | 82885 | 4946 | 23 | 1473 |
| 2 | राजनांदगांव | 626 | 50598 | 23 | 11078 | 829 | 31968 | 43046 | 7152 | 9 | 400 |
| 3 | बालोद | 454 | 21572 | 78 | 6704 | 368 | 10861 | 17565 | 3761 | 2 | 246 |
| 4 | बेमेतरा | 260 | 16936 | 5 | 2955 | 359 | 10931 | 13886 | 2892 | 6 | 158 |
| 5 | कबीरधाम | 463 | 18002 | 2 | 1942 | 404 | 10514 | 12456 | 5366 | 2 | 180 |
| 6 | रायपुर | 1008 | 145395 | 36 | 25586 | 350 | 106442 | 132028 | 10784 | 39 | 2583 |
| 7 | धमतरी | 580 | 21130 | 8 | 1738 | 140 | 14399 | 16137 | 4591 | 14 | 402 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 733 | 31736 | 45 | 6969 | 627 | 18633 | 25602 | 5872 | 8 | 262 |
| 9 | महासमुंद | 554 | 24793 | 16 | 3104 | 158 | 16080 | 19184 | 5351 | 4 | 258 |
| 10 | गरियाबंद | 298 | 15589 | 1 | 2970 | 360 | 9231 | 12201 | 3241 | 5 | 147 |
| 11 | बिलासपुर | 1223 | 56018 | 7 | 5231 | 1158 | 42350 | 47581 | 7603 | 28 | 834 |
| 12 | रायगढ़ | 1220 | 46691 | 23 | 9537 | 667 | 25992 | 35529 | 10604 | 7 | 558 |
| 13 | कोरबा | 1206 | 42600 | 6 | 3655 | 866 | 29840 | 33495 | 8702 | 11 | 403 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 1283 | 42427 | 24 | 6401 | 701 | 26187 | 32588 | 9358 | 17 | 481 |
| 15 | मुंगेली | 615 | 15884 | 1 | 679 | 334 | 9699 | 10378 | 5430 | 5 | 76 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 299 | 7024 | 2 | 398 | 165 | 3973 | 4371 | 2607 | 2 | 46 |
| 17 | सरगुजा | 697 | 22035 | 4 | 2729 | 455 | 15211 | 17940 | 3926 | 5 | 169 |
| 18 | कोरिया | 511 | 14964 | 0 | 1250 | 377 | 10391 | 11641 | 3228 | 4 | 95 |
| 19 | सूरजपुर | 522 | 16559 | 3 | 1519 | 401 | 11730 | 13249 | 3221 | 3 | 89 |
| 20 | बलरामपुर | 451 | 10575 | 1 | 1196 | 312 | 6796 | 7992 | 2532 | 3 | 51 |
| 21 | जशपुर | 633 | 16122 | 40 | 3000 | 773 | 8678 | 11678 | 4333 | 3 | 111 |
| 22 | बस्तर | 195 | 14630 | 6 | 3420 | 187 | 9648 | 13068 | 1450 | 2 | 112 |
| 23 | कोंडागांव | 302 | 9042 | 1 | 1381 | 144 | 6074 | 7455 | 1527 | 4 | 60 |
| 24 | दंतेवाडा | 76 | 7842 | 20 | 3447 | 27 | 3952 | 7399 | 425 | | 18 |
| 25 | सुकमा | 45 | 4741 | 26 | 2536 | 5 | 1959 | 4495 | 236 | | 10 |
| 26 | कांकेर | 551 | 17268 | 6 | 2456 | 647 | 9913 | 12369 | 4747 | 3 | 152 |
| 27 | नारायणपुर | 38 | 2557 | 29 | 1756 | 0 | 497 | 2253 | 302 | | 2 |
| 28 | बीजापुर | 41 | 4817 | 5 | 2628 | 0 | 1952 | 4580 | 208 | 1 | 29 |
| 0 | अन्य राज्य | 2 | 635 | 2 | 491 | 0 | 0 | 491 | 64 | | 80 |
| **महायोग** | | 15785 | 787486 | 443 | 128677 | 10865 | 524865 | 653542 | 124459 | 210 | 9485 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

